हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
05.12.2018

कैंपस प्लेसमेंट से 85 फीसदी में जगी उम्मीद

वाराणसी | निज संवाददाता

आईआईटी बीएचयू में चल रहे कैंपस प्लेसमेंट में इस वर्ष 85 फीसदी छात्र-छात्राओं को रोजगार मिलने की उम्मीद है। अभ्यर्थियों में साफ्टवेयर कंपनियों के बेहतर पैकेज ऑफर करने की चर्चा है। प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज प्रो. अनिल कुमार अग्रवाल के मुताबिक चार दिनों में पंजीकृत 1151 छात्र-छात्राओं में से 546 को ऑफर लेटर मिल चुका है। इस बार भी बड़ी कंपनियों ने रूचि दिखाई है। इसलिए बीते साल से बेहतर प्लेसमेंट की संभावना है।

2017 में करीब 70 फीसदी छात्र-छात्राओं का चयन हुआ था, जबकि एमटेक का प्लेसमेंट करीब 20 फीसदी रहा। बीटेक और ड्यूटल डिग्री के छात्रों को बेहतर जॉब के ऑफर मिले थे। मंगलवार को स्टैंडर्ट चार्टड, इंडसवेली, इकनोलॉजी सॉफ्टवेयर, मारूति सुजुकी, ट्रेडेंस तथा एक्टिरीया ने 75 छात्र-छात्राओं को छह से 17 लाख रुपये का पैकेज ऑफर किया। एक से तीन दिसंबर तक 96 कंपनियां करीब 396 छात्र-छात्राओं को 474 ऑफर लेटर दे चुकी हैं। इसके अतिरिक्त 33 कंपनियों ने इंटर्नशिप के दौरान 150 छात्र-छात्राओं को जॉब ऑफर किया।

आईआईटी बीएचयू

- पंजीकृत 1151 में से 546 छात्र-छात्राओं को मिले आफर
- सॉफ्टवेयर कंपनियों के बेहतर पैकेज की छात्र-छात्राओं में चर्चा